तापमान

अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 13.5 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, मार्च 11, 2025



11 फाल्गुन एकादशी पर उमड़ा भक्तों का जनसैलाब





12 शीला देवी बनीं हांसी खंड प्रथम पंचायत समिति की चेयरपर्सन




## खबर संक्षेप



### 51 हजार की धोखाधड़ी में दूसरा आरोपी पकड़ा

**हांसी।** थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने बीमा किस्त का डर दिखाकर 51 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में दूसरे आरोपी बिहार के नालंदा जिला के गांव सालदी निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर बडाला निवासी कृष्ण से बैंक का नकली कर्मचारी बनकर बीमा की किस्त जमा नहीं करवाए जाने पर डिफाल्टर होने तथा जुर्माना लगने का डर दिखाकर 24 सितंबर को 51 हजार की धोखाधड़ी की थी।

### एसकेएम आज प्रदर्शन करके सौंपेगा ज्ञापन

**हिसार।** संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से सोमवार को लघु सचिवालय के के समक्ष प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे लघु सचिवालय गेट पर सांकेतिक धरना भी दिया जाएगा। किसान नेता सरदानंद राजली ने बताया कि धरने व प्रदर्शन के दौरान किसानों की मांगों व समस्याओं के अलावा केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा किसानों से की गई वादाखिलाफी को जोरशोर से उठाया जाएगा।

### अजय भारद्वाज फिर बने सेंटर के प्रधान

**हांसी।** मंडी सैनियान स्थित श्री रामा सिलाई सेंटर के सदस्यों की मिटिंग श्री राधेश्याम रानोलिया की अध्यक्षता में श्री रामा सिलाई सेंटर के सुधार के बारे में हुई। मीटिंग में सर्वसम्मति से अजय भारद्वाज को सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार प्रधान तथा पार्षद कृष्ण सैनी को संरक्षक बनाया गया। मीटिंग में राधेश्याम रानोलिया व प्रद्युम्न वर्मा को उप प्रधान, जिले सिंह धूपिया को सचिव, महाबीर सारसर सहसचिव, कृष्ण सैनी को खंचाची, कृष्ण वर्मा छाजु राम सैनी, राम सिंह सैनी को संगठनकर्ता, हरि ओम शर्मा एडवोकेट, महेन्द्र सैनी ठेकेदार, बलबीर सिंह सैनी, प्रदीप जांगडा, राजेन्द्र कुमार सैनी एडवोकेट को मुख्य सलाहकार बनाया गया।

### गांजा सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए पुलिस ने 2 किलो 244 ग्राम गांजा सप्लाई करने वाले असल सप्लायर हिसार के गांव जुगलान निवासी बलजीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनो पहले जुगलान निवासी सन्दीप को 2 किलो 244 ग्राम गांजा सप्लाई किया था। पुलिस जुगलान निवासी संदीप को गांजा के साथ पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सीआईए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांजा सप्लायर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### साधकों ने समझा ध्यान व शांति का महत्व

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में ध्यान और शांति विषय पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से साधकों ने हिस्सा लेकर शांति व ध्यान के महत्व को समझा और इसे अपने जीवन में क्रियान्वित करने का संकल्प लिया। इस दौरान मां सांची ने ध्यान की सरल विधियों का अभ्यास करवाया और सतगुरु ओशो की देशनाओं से भी रूबरू करवाया।

# मानव निर्मित सीमाओं से ऊपर उठकर मानवता को एक सूत्र में पिरोता है अध्यात्म : राष्ट्रपति

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया 'समग्र कल्याण के लिए आध्यात्मिक शिक्षा प्रोजेक्ट' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में 'समग्र कल्याण के लिए आध्यात्मिक शिक्षा प्रोजेक्ट' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने आध्यात्मिकता के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास में इसकी भूमिका पर जोर दिया। इस मौके पर 5 बहनों ने कलश धारण करके तथा 5 भाइयों ने ध्वज फहराकर 'समग्र कल्याण के लिए आध्यात्मिक शिक्षा' प्रोजेक्ट का प्रारंभ किया।

राष्ट्रपति ने अपने सम्बोधन में कहा कि अध्यात्म मानव निर्मित सीमाओं से ऊपर उठकर पूरी मानवता को एक सूत्र में जोड़ता है। आध्यात्मिक आधार पर निर्मित सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक या अन्य किसी प्रकार की व्यवस्था नैतिक और टिकाऊ बनी रहती है। आध्यात्मिकता की शक्ति के बल पर आज ब्रह्माकुमारी केंद्र विश्व के लगभग 150 देशों में सामाजिक एवं आर्थिक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

50 वर्षों की यात्रा की सफलता के मूल में पिताश्री प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के आशीर्वाद की शक्ति विद्यमान है। राष्ट्रपति ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की पावन आध्यात्मिक ऊर्जा को सादर नमन करते हुए कहा कि आप सबने त्याग और तपस्या के बल पर अपने केंद्र के माध्यम से संस्थान और समाज को अमूल्य योगदान दिया है। आप सबके प्रयासों से लोगों के लिए भौतिक, मनोवैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक उन्नति के रास्ते खुले हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हरियाणा में आकर श्रीमद् भगवद्-गीता का संदेश सहज ही याद आता है। योगेश्वर श्रीकृष्ण ने स्थितप्रज्ञ के लक्षण बताए थे, हर परिस्थिति में समत्व बनाए रखने की शिक्षा दी थी, कर्म के फल पर तनिक भी ध्यान न देते हुए पूरी निष्ठा के साथ कर्म करने की प्रेरणा दी थी। जैसे पांडवों के सामने कौरवों की चुनौती थी, वैसे ही प्रत्येक व्यक्ति के अंदर और बाहर नकारात्मक प्रवृत्तियों और विपरीत परिस्थितियों की चुनौती होती है। जिस प्रकार गीता की शिक्षा के बल पर अर्जुन पॉजिटिव एनर्जी से भर गए, उसी तरह जीवन के संग्राम का सामना करने और उसमें विजय पाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने भीतर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना चाहिए।



हिसार। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्वागत करते हुए।



हिसार। प्रोजेक्ट का शुभारंभ करती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, साथ हैं राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

### अर्थपूर्ण है भवन का नाम

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मुझे बताया गया है कि इस सभागार के भवन का नाम पीस पैलेस है। भवन का यह नाम अत्यंत अर्थपूर्ण है। इस भवन के नाम से, मुझे रूस के महान लेखक और विचारक टॉलस्टॉय की एक छोटी-सी पुस्तक याद आई जिसका अनेक भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। उस पुस्तक के हिन्दी संस्करण का नाम है 'वैकुंठ तुम्हारे हृदय में है'। इस पुस्तक का राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सादर उल्लेख किया करते थे। वैकुंठ यानी पैराडाइज परम शांति और आनंद का धाम है।

### महिला प्रधान संस्था : दत्तात्रेय

कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हरियाणा में पहुंचने पर स्वागत किया और कहा कि आज सौभाग्य का दिन है कि हमें राष्ट्रपति का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी एक महिला प्रधान संस्था है। इस संस्था ने लोगों के कल्याण के लिये कार्य किया है। लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने की दिशा में संस्था ने अपनी महती भूमिका निभाई है। ब्रह्माकुमारी संस्था ने शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज के अनेक क्षेत्रों में मानवीय कल्याण के काम किए हैं।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर राष्ट्रपति की पुत्री इतिश्री मुर्मू, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक सावित्री जिंदल, विधायक रणधीर पनिहार, दीपिका जिंदल, राजयोगिनी ब्रह्माकुमार डॉ. मृत्युंजय, राजयोगिनी ब्रह्माकुमार डॉ. नथमल नेशनल कोऑर्डिनेटर कलकत्ता, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी डॉ. लीना, अतिरिक्त डायरेक्टर ब्रह्माकुमारी माउंट आबू, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी डॉ. उत्तरा, जोन इंचार्ज पंजाब, ब्रह्माकुमार प्रेम जोन इंचार्ज पंजाब, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी डॉ. रमेश कुमारी डायरेक्टर ब्रह्माकुमारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति के आने से पहले धुएं से उड़ी मधुमक्खियां, दो को काटा

- तंदूर पर काम कर रहे तीन-चार कारिंदों पर हमला
- मधुमक्खियों ने शरीर पर कई जगह डंक मारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदीं मुर्मू के आगमन से पहले तंदूर के धुएं से उड़ी मधुमक्खियों ने तंदूर पर काम कर रहे तीन-चार कारिंदों को काट लिया। दो कारिंदे नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाए गए हैं।

उपचाराधीन नेपाल निवासी गणेश ने बताया कि वह प्रेमनगर में रहता है और शादियों व अन्य कार्यक्रमों में तंदूर पर काम करता है। ठेकेदार ने गुजवि में राष्ट्रपति के कार्यक्रम के चलते खाने का ठेका लिया हुआ है। हम सुबह करीब 11 बजे गुजवि परिसर में खाना बना रहे थे। हमने रोटी बनाने के लिए तंदूर को गर्म करने के लिए उसके अंदर लकड़ी डालकर आग जलाई जिससे धुआं उठने लगा। पास में एक पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता लगा हुआ था। धुएं के कारण मधुमक्खियां उडने लगी और वहां मौजूद लोगों को काटने लगी। मिलगेट क्षेत्र के श्रीकृष्ण का कहना है कि वह भी वहीं काम कर रहा था। अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। मधुमक्खियों ने शरीर पर कई जगह डंक मारे।

# राष्ट्रपति ने कीर्ति बूरा को दिया गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरु जंभेश्वर विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में गांव बधावड निवासी कीर्ति बूरा त्री रमेश कुमार को वर्ष 2020-2023 में बीएससी ऑनर्स में प्रथम स्थान हासिल करने पर गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। कुमारी कीर्ति बूरा ने ग्रामीण परिवेश में पढ़कर यह विशेष उपलब्धि हासिल की है। कुमारी कीर्ति बूरा ने दसवीं की परीक्षा भारती विद्या मंदिर हाई स्कूल बरवाला से उत्तीर्ण की है।



बरवाला। गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र दिखाते हुए कीर्ति बूरा।

# बिजली कर्मचारियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

बिजली निगम के प्रांगण में ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन सब यूनिट ने निगम के एसडीओ नारनौंद के खिलाफ विरोध गेट मीटिंग की जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान रामदिया शर्मा ने की तथा संचालन सत्यवान रंगा ने किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए रामदिया शर्मा कहा कि बताया कि एसडीओ कर्मचारियों की समस्याओं को सुलझाने के अपेक्षा उन्हें और कठिन बना रहे हैं जिसके कारण ऑफिस की व्यवस्था बिल्कुल बिगड़ी हुए है। कर्मचारियों व पदाधिकारियों ने अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



नारनौंद। बिजली निगम के कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए।

### देसी शराब की 290 और बीयर की 48 बोतल के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम हांसी पुलिस ने देशी शराब की 290 बोतल व बीयर की 48 बोतल के साथ सिसाय काली रावण निवासी प्रवीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने गांव कुन्दनापुर से ढ़ाणी पीरावाली रोड़ पर नाकाबंदी के दौरान एक क्रेटा गाडी को चैक किया तो गाड़ी के अन्दर से देसी शराब की 290 बोतल व 48 बोतल बियर बरामद हुई। गाड़ी में मिली शराब व बीयर के बारे में पुछताछ की गई तो आरोपी कोई बिल व परमिट पेश नहीं कर सका।

# विभागों को पंचायतों के अधीन करने के विरोध में उतरी कर्मचारी यूनियन

## 23 मार्च को रणबीर गंगवा के आवास का घेराव करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन ने विभागों को पंचायतों के अधीन किए जाने का विरोध किया है। इसके विरोध स्वरूप यूनियन ने 23 मार्च को जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव करने का ऐलान किया है। इस संबंध में हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की बैठक सोमवार को क्रांतिमान पार्क में जिला प्रधान बलवान सिंह कालीरावणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान बलवान सिंह कालीरावणा ने बताया कि सरकार विभागों को पंचायतों के आधीन कर रही है, जिसको लेकर फील्ड कर्मचारियों में भारी रोष है। प्रांतीय कमेटी ने निर्णय लिया है कि तीनों विभागों से 19 मार्च को 24 सूत्रीय मांग पत्र अधीक्षक अभियंता के माध्यम से ईआईसी को भेजे जाएंगे। प्रांतीय कमेटी के निर्णयनुसार 23 मार्च को क्रांतिमान पार्क में एकत्रित होकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं बीएंडआर विभाग मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव किया जाएगा।



हिसार। यूनियन की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रांतीय वरिष्ठ उपप्रधान ओमप्रकाश पूनिया, जिला सचिव कमल किशोर, जिला कोषाध्यक्ष मनजीत सिहाग, जिला उपप्रधान राजकुमार पुनिया, जिला कार्यालय सचिव आत्माराम, जिला प्रेस सचिव सुरेंद्र दुहन, ग्रामीण ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा, ग्रामीण ब्रांच सचिव मनोज भांबू, कोषाध्यक्ष सुनील भुक्कल, शहरी ब्रांच प्रधान लीलू राम, सचिव मनजीत कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेश पुनिया, हांसी ब्रांच प्रधान सुरेंद्र शर्मा, सचिव सुरेंद्र दुहन, कोषाध्यक्ष सुभाष, आदमपुर ब्रांच प्रधान आत्माराम, सचिव राजेंद्र सैन, कोषाध्यक्ष सुंदर, हांसी बीएंडआर ब्रांच प्रधान सूरजमल, सचिव रामप्रसाद, कोषाध्यक्ष नसीब मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास और मारपीट करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के मोहल्ले में घर में घुसकर नाबालिगा से दुष्कर्म का प्रयास करने व विरोध करने पर सरिए से हमला करके उसे घायल करने का मामला सामने आया है। नाबालिग को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन युवती के परिजनों ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे लड़की घर में मौजूद थी। साथ वाले कमरे में उसकी बीमार मां थी। तभी पड़ोस का एक युवक घर में घुस आया और वह लड़की के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। लड़की ने विरोध किया तो युवक ने उसके साथ मारपीट की और सरिये से हमला कर दिया। शोर सुनकर दूसरे कमरे से लडक़ी की बीमार मां उठकर आई तो युवक उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

# भाटिया कॉलोनी में बाइक से टक्कर मार घोड़ी की टांग तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हांसी की भाटिया कॉलोनी में एक युवक ने बाइक से टक्कर मारकर घोड़ी की टांग तोड़ दी। बाद में किशोर उलाहना देने गया तो बाइक वाले युवक ने दो साथियों के साथ मिलकर उसे भी पीटकर घायल कर दिया। जिले के नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन भाटिया कॉलोनी के 15 वर्षीय संजू ने बताया कि उसका परिवार एक घोड़ी की कमाई के सहारे चल रहा है। हम घोड़ी को शादी में घुड़चढी के लिए ले जाते हैं। वह रविवार को घोड़ी पर बैठकर कुछ दूरी पर उसे पानी पिलाने ले गया था। बाद में जब वापिस आ रहा था तो एक बाइक पर तीन युवक आए। चालक ने सीधी घोड़ी को टक्कर मारी जिससे घोड़ी गिर गई और उसकी टांग टूट गई। बाइक सवार युवक फरार हो गए।

## ड्रग इंस्पेक्टर और पुलिस ने चलाया अभियान

# 12 मेडिकल स्टोर जांचे, कुछ नहीं मिला

- मेडिकल स्टोर्स पर पहुंची टीम ने स्टोर्स के स्टॉक और रिकॉर्ड का मिलान किया, गड़बडी न मिलने पर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान सोमवार को ड्रग इंस्पेक्टर अजय कुमार, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद शर्मा, फार्मासिस्ट अमरजीत ने हांसी शहर थाना क्षेत्र में नशीली दवाओं के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करने के लिए 12 मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। हालांकि इस दौरान टीम को किसी भी मेडिकल स्टोर से कोई आपत्तिजनक दवा बरामद नहीं हुई। ड्रग इंस्पेक्टर अजय तथा शहर थाना एसएचओ सदानंद समेत पुलिस पार्टी कई मेडिकल स्टोर्स की जांच के लिए शहर के अलग-अलग मेडिकल स्टोर्स पर पहुंची जहां उन्होंने मेडिकल स्टोर्स के स्टॉक और रिकॉर्ड का मिलान किया। इस दौरान ड्रग इंस्पेक्टर व पुलिस द्वारा 12 मेडिकल स्टोर्स की तलाशी ली गई, लेकिन किसी से आपत्तिजनक दवा बरामद नहीं हुई है।



हांसी। ड्रग इंस्पेक्टर के साथ जांच करते शहर थाना प्रभारी सदानंद शर्मा।

### नशीली दवाएं बेचते पकड़ा तो सख्त कार्रवाई होगी

अगर कहीं नशीली दवाएं बेची जाती हैं तो वे तुरंत विभाग को सूचित करें। मेडिकल स्टोर संचालकों को सचेत किया जाता है कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति नशीली दवाएं बेचते हुए पकड़ा गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कोई भी स्टोर संचालक ऐसी दवाएं न बेचे।

-इंस्पेक्टर सदानंद शहर थाना प्रभारी

### धोखाधड़ी करने के आरोप दो गिरफ्तार किए

**हांसी।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फोन पर लिंक भेजकर 95 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के एक मामले में बिहार के कनौली निवासी राजकुमार व मथलोयिर निवासी विकास को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपियों ने कुछ दिन पहले बैक एटीम से रुपये निकाल घिराए निवासी धर्मबीर द्वारा रुपये निकाले जाने के दौरान एटीम मशीन जंप कर गई थी और एटीएम से रुपये नही निकले तो धर्मबीर ने गुगल पर एटीम कस्टमर केयर का नम्बर सर्च कर उस पर बात की तो आरोपियों ने उसे जांच के नाम पर एक लिंक धर्मबीर के फोन पर लिंक भेजकर धर्मबीर के एटीएम कार्ड के पिछले पांच अक्षर लिंक में लिखने के लिए कहा और जैसे ही धर्मबीर ने लिंक में नम्बर डाले तो उसके बैंक खाते से 95105 हजार कट गए। आरोपियों ने गुगल पर अपना मोबाइल नंबर टोल फ्री के लिए दिया हुआ था।

# मंगलमुखी समुदाय ने लड़की की शादी में सामान और रुपये दिए



हिसार। जरूरतमंद लड़की की शादी में राशि भेंट करती बंटी मेहंत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पूर्व पार्षद शोभा नेहरू टीम की मंगलमुखी बंटी मेहंत सिंगीकाट बस्ती में एक जरूरतमंद परिवार की लडक़ी शादी में 11 हजार रुपये की सहयोग राशि व शादी का अन्य सामान भेंट किया। इस अवसर पर सिंगीकाट बस्ती के प्रधान रवि बंजारा ने बताया कि उन्होंने बंटी मेहंत को एक जरूरतमंद लडक़ी की शादी में सहायता के लिए कहा था जिस पर वे लडक़ी को आशीर्वाद देने के लिए उसके घर पहुंची और उसे पैसे व सामान भेंट किया। रवि बंजारा ने बंटी मेहंत, पूर्व पार्षद शोभा नेहरू व गीता मां का आभार जताते हुए कहा कि यह मंगलमुखी समाज समाज की सेवा में अपना अहम योगदान दे रहा है जो बधाई से आए हुए पैसे को सामाजिक कार्यों में लगाते हैं।

हरिभूमि

# सहेली

रंगोत्सव विशेष



होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं है, यह जीवन में उत्साह-उमंग और नई खुशियां भरने वाला, रिश्तों में स्नेह-प्रेम के रंग सजाने वाला पर्व भी है। स्त्रियों के लिए तो यह पर्व और भी ज्यादा महत्व रखता है, क्योंकि वे परिवार-समाज में मधुरता बनाए रखने में विश्वास करती हैं, इस लिहाज से उनके लिए होली का पर्व बहुत अच्छा अवसर है।

## होली लेकर आई खुशियों के रंग

आवरण कथा

सरस्वती रमेश

होली के रंगों में जीवन का उल्लास होता है, तरंग होती है। इसीलिए फाग के गीत भी होंठों पर अनायास आ जाते हैं। कानों में ढोल-मंजीरे की झंकार गूंजने लगती है, लोग थिरक उठते हैं। आंखों के आगे अबीर, गुलाल उड़ने लगता है। होली में तन-मन रंगों से भीगकर सतरंगा हो जाता है। हम सौभाग्यशाली हैं, जो हमारे पास रंगों का एक ऐसा अनोखा और प्यारा पर्व है। लेकिन बात वास्तव में तब बनेगी, जब ऐसे रंगमय, स्नेहमय, प्रेममय और संगीतमय त्योहार की रंगत को हम जीवन में उतारें। अपने घर-परिवार, रिश्ते-नाते सबको प्रेम के रंग में रंगकर दूसरों के साथ किसी प्रकार की कड़वाहटों और मनमुटाव को दूर करें। सबके प्रति सकारात्मक भाव रखें।

### स्त्री जीवन है विविध रंगों की रंगोली



देखा जाए तो स्त्रियों का जीवन विविध रंगों से बनी एक खूबसूरत रंगोली है। क्योंकि इनकी दुनिया रंगों के खूबसूरत मेल से ही बनती है। मायका, ससुराल, परिवार, मातृत्व, रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस और सामाजिक जिम्मेदारियां, ये सब स्त्री-जीवन के इंद्रधनुष में सजे रंग ही तो हैं, जिसे वे जीती हैं। हर रंग की अपनी अहमियत है, भूमिका है, चमक है। कोई एक रंग भी फीका पड़ जाए तो स्त्रियों के जीवन के साथ ही, परिवार के हर सदस्य पर इसका प्रभाव पड़ता है। हर किसी के जीवन में कठिनाइयां और पीड़ाएं आती हैं। इसलिए स्त्री अपने जीवन के इंद्रधनुषीय रंगों को सहेजकर रखती है। हर हाल में उसकी चमक बनाए रखने की कोशिश करती है। फिर चाहे आर्थिक जिम्मेदारियों से जुड़ा स्वावलंबन का रंग हो या फिर घर के बड़े-बुजुर्गों की सेवा का रंग, स्त्री कभी पीछे नहीं हटती है। रंगों से मिलने वाली ऊष्मा को स्त्री स्वयं तो धारण करती ही है, अपने परिवार के सदस्यों को आपस में जुड़ने का मार्ग भी प्रशस्त करती चलती है।

### साथ का महत्व बताती है होली

होली का त्योहार हमारे जीवन में व्याप्त सारी कड़वाहटों को दूर करने के लिए आता है। यह पर्व हमें परिवार के साथ का असली महत्व बताता है। जब परिवार की सारी स्त्रियां, पुरुष और बच्चे मिलकर गुझिया, मिठाइयां, पापड़, नमकीन बनाते हैं। घर की स्त्रियां साथ मिलकर होली पूजन के लिए जाती हैं, एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए रंग-गुलाल लगाती हैं, तभी होली अपने असली मधुर रूप में दिखती है। इस तरह सबके साथ स्नेह-प्रेम के रंग में भीगने के बाद स्त्री-पुरुष हर कोई मन की सारी कड़वाहट भूल जाता है। परिवार, आस-पड़ोस



में हुए मनमुटाव, तनातनी सब रंगों में धुल जाते हैं। जीवन की परेशानियों से मुकाबला करने के लिए हम नई ऊर्जा से सराबोर हो उठते हैं। हंसता-गाता मन, जीवन जीने के लिए हमारे भीतर नई उमंगें भर देता है। इसी को तो कहते हैं जीवन में विविध रंग भरने वाली होली, अपनेपन के अहसास से भरने वाली होली।

### कम न हो खुशियों की बौछार

होली के रंग जीवन में उजास भरते हैं। हम स्त्रियों का रंगों के इस उजास को जीवन में उतारना बहुत जरूरी है। कारण, वर्तमान समय में एक स्त्री की भूमिका बहुत विस्तृत हो चुकी है। इसलिए उसे तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक स्त्री के लिए अपने मन को सकारात्मक विचारों के रंग से सराबोर रखना, जीवन में उल्लास की रंगीन बौछारों की नमी बनाए रखना, परिवार में उमंग-तरंग बनाए रखना बहुत जरूरी है। जीवन में हर्ष और अपनों के बीच आत्मीयता का भरपूर रंग हो तो जीवन हंसी-खुशी कट जाता है, जिंदगी आसान हो जाती है। बाधाएं हमें आगे बढ़ने से रोक नहीं पातीं। ऐसे में खुशियों को सेलिब्रेट करने के मौके बार-बार आते हैं। परिवार के हर सदस्य का जीवन, तरह-तरह के रंगों में रंगकर खूबसूरत और जीवंत हो जाता है।

### खुशियों के रंग कभी न हों फीके

उड़ता गुलाल और रंगों में रंगे खिलखिलाते चेहरों को देखकर हर किसी का मन खुशी से झूम उठता है। अपनी रोज-रोज की नीरस दिनचर्या से ऊबी घर की स्त्रियां होली के बहाने ही सही, थोड़ी मस्ती, थोड़ा धमाल करके हंसी की फुहारों से तरोताजा हो जाती हैं। दरअसल, होली बचपन के खिलंदड़ेपन को फिर से जीने का अहसास है। यह अहसास मन में जीने की उमंग भरता है। तभी तो होली के रंग आज भी उतने ही चटख हैं, जितने पहले हुआ करते थे। होली का संदेश भी यही है कि हमारे जीवन में खुशियों के रंग कभी फीके न हों।

आइए, हम भी होली के अवसर पर प्रेम-स्नेह की रंगी फुहारों में भीगकर उमंगित-तरंगित हों, जीवन में नए रंग भरें। सबको होली की शुभकामनाएं...

## रंगों को समझें रंगों में उतरें

होली पर्व का निहितार्थ देखा जाए तो बहुत गहरा है। यह पर्व यही कहता है कि दूसरे के रंगों में रंगने के साथ उनको अपने रंग में भी रंगो। मतलब हम एक-दूसरे को आत्मसात करें, रंगों के बहाने अपने रिश्तों में प्रेम-स्नेह घोलें, प्रगाढ़ बनाएं। होली का पर्व हमें प्रकृति से भी जोड़कर हमारे जीवन में उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है।

पर्व निहितार्थ

चेतना झा



*अंबर ने ओढ़ी है तन पर चादर नीली-नीली/ हरित धरित्री के आंगन में सरसों पीली-पीली/ सिंदूरी मंजरियों से है अंबा शीश सजाए/ रोलीमय संध्या ऊषा की चोली है/ तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है।*

हरिवंश राय बच्चन की ये कितनी सारगर्भित पंक्तियां हैं। कभी अपने रंग को पहचानना तो कभी औरों के रंग में रंग जाना, कभी अपने रंग में सराबोर कर देना, जिंदगी की सार्थकता इसी में है। होली तो बहाना है, रंगों को समझने का, रंगों में उतरने का।

**प्राकृतिक रंगों का आनंद:** कभी काम का बहाना तो कभी समस्याओं का रोना, सच तो यह है कि सूर्योदय-सूर्यास्त के समय धरती-आसमान के सुंदर रंगों से हम अंजान हो रहते हैं। प्रकृति ने कितने खूबसूरत रंगों से सजा रखी है धरती। कहीं दूर तक नीला आसमान, तो कहीं पेड़ों की हरितिमा। पक्षियों के पंखों से फूलों की पंखुड़ियों तक कितने सुंदर और विलक्षण रंग हैं।



पलाश-टेसू से ट्यूलिप-यलो एलडर तक। प्रकृति के कैनवस पर फैले इन रंगों को समझने, उस पर मुग्ध होने के लिए दौड़ती-भागती जिंदगी में कुछ पल ठिठकना जरूरी है। रंगों का त्योहार होली हमें यही संदेश देता है। इस साल हम कुछ इसी संकल्प के साथ मनाएं होली कि जिंदगी से प्रकृति के रंगों को दूर नहीं होने देंगे। अपनी जिंदगी में रंग बटोरेंगे तो अपनों की जिंदगी में भी रंग बिखेरेंगे। कभी थोड़ा ठहर कर किसी अनजान की उदास जिंदगी में भी चुटकी भर रंग भरने की कोशिश करेंगे हम। यकीनन ये रंग हमारी जिंदगी में सुकून बिखेरेंगे।

**समझें रंगों का अर्थ:** रंगों का हमारे दिलोदिमाग पर कितना असर पड़ता है, यह विज्ञान साबित कर चुका है। प्रकृति का हर रंग कुछ कहता ही नहीं, बहुत कुछ करता भी है। जैसे सफेद रंग को ही लें तो यह शांति की बात कहता है। अगर परिवेश में सफेद रंग की कमी होती है तो अशांति पसरती है। उसी तरह लाल रंग जोश-उमंग का रंग है। लाल वस्त्र पहने लोग आम लोगों की अपेक्षा खुद के भीतर अधिक जोश का आभास कराते हैं। रंगों के जानकारों का कहना है कि परिवेश में लाल रंग की कमी आलस्य और जड़ता को जन्म देती है। अगर आपको क्रोध अधिक आता है तो अपने कपड़ों, दीवारों के रंग, चादर, पर्दों के रंगों में नीला रखिए। रंग विशेषज्ञों का कहना है कि नीले रंग की कमी से क्रोध अधिक आता है। उपाय भी बताते हैं कि शांत जगह पर आंखें बंद कर बैठ जाएं और अनुभव करें कि चारों ओर नीलिमा फैली है। दूर तक फैले नीले आसमान को बंद आंखों से मुग्ध होकर निहारिए। यकीनन मन को शांति-सुकून मिलेगा।

**रिश्तों को करें तरोताजा:** जीवन में होली का महत्व कई रंगों से सजा है। यह उत्सव सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को तरोताजा करने का एक खूबसूरत बहाना है। देखिए न, होली पकवानों को बनाने और अपनों को खिलाने का त्योहार है। मिलने-मिलाने का त्योहार है। निर्मल होकर दूसरों के रंग में रंगने और खुद के रंग से दूसरों को सराबोर कर देने का खूबसूरत मौका है। तो इस होली बचपन की तरह निर्मल होकर उत्सव मनाने का प्रयास करें। खाना-खिलाना तो अपनी जगह है, अबकी बचपन की तरह जी भर के रंग खेल कर देखिए। निराशा परे छटेगी। हताशा पर उमंग का रंग चढ़ेगा। यकीनन, आपके भीतर एक नई ऊर्जा भरेगी। रंग खेलने से केवल आपका शरीर ही रंगों से सराबोर नहीं होता, भीतर भी रंग हमारे आवेगों और मन को तरंगित करते हैं।

हेयर केयर

ललिता गोयल

## तब रंगों से आपके बाल नहीं होंगे खराब

होली पर रंगों से खेलने में मजा तो खूब आता है। लेकिन अगर सावधानी न बरती जाए तो रंग खेलने के बाद बालों से रंग छुड़ाने में बहुत परेशानी होती है। इससे बालों को बहुत नुकसान भी होता है। आजकल मार्केट में मिलने वाले रंग और गुलाल में कई केमिकल्स मौजूद होते हैं, जिससे बाल रूखे-बेजान हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि होली खेलने से पहले बालों की सही तरीके से केयर की जाए।

**प्रॉपर ऑयलिंग:** इस बात का ध्यान रखें कि होली पर रंग खेलते समय आपके बाल सूखे न रहें। दरअसल, मार्केट में मिलने वाले अधिकतर रंगों में केमिकल मिले होते हैं। ऐसे रंग अगर सूखे बालों में पड़ जाएं तो इससे वो कमजोर होने लगते हैं। इसलिए अपने बालों को नुकसान होने से बचाने के लिए सरसों, बादाम, जैतून या नारियल का तेल जरूर लगाएं। होली खेलने से एक घंटे पहले बालों में तेल लगाएं। इससे स्कैल्प के ऊपर एक प्रोटेक्टिव लेयर बन जाती है, बालों को पोषण मिलता है और स्कैल्प में कलर्स एब्जॉर्ब भी नहीं होते हैं।



इससे रंग खेलने के बाद शैंपू करने पर आसानी से रंग निकल जाता है। बालों को खराब होने से बचाने के लिए तेल घर पर भी बनाया जा सकता है। यह तेल गुड़हल के फूल, नारियल तेल और लौंग को मिलाकर पकाकर बनाया जाता है। इस तेल से मसाज करने से बालों की कंडीशनिंग होती है, जड़ें मजबूत होती हैं।

**बांधकर रखें:** होली खेलते समय बालों को खुला ना छोड़ें। खुले बालों में रंग ज्यादा एब्जॉर्ब होता है, जिससे सिर की त्वचा पर एलर्जी हो सकती है।

**ढंककर रखें:** होली खेलने से पहले बालों को बांधने के साथ कैप लगा लें। स्कार्फ या दुपट्टे से भी बालों को ढंक सकती हैं। ऐसा करने से स्कैल्प डैमेज नहीं होगा और स्किन तक कलर नहीं पहुंचेगा। इससे बालों को एक्स्ट्रा प्रोटेक्शन भी मिलेगी।

होली पर रंग खेलने से पहले ही नहीं रंग खेलने के बाद भी बालों की देखभाल की जरूरत होती है।

**शैंपू-कंडीशनर लगाएं:** रंग, बालों को रूखा और बेजान करते हैं। इसके साथ ही केमिकल वाले रंग से सर की स्किन पर एलर्जी या ड्राइनेस हो सकती है। इससे बचने के पहले बालों को साफ पानी से अच्छी तरह धोएं और उसके बाद केमिकल फ्री शैंपू का इस्तेमाल करें। इससे ऊपरी परत से रंग हट जाएगा। इसके बाद शैंपू करें और फिर कंडीशनर लगाएं। इससे बालों में लगा रंग हट जाएगा। अगर सूखे रंगों से होली खेली है तो खेलने के बाद बालों को ब्रश कर लें।

**(हेयर एक्सपर्ट डॉ. महिमा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

डॉ. अदिति शर्मा
न्यूट्रिशनिस्ट-कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल, एनसीआर

होली के अवसर पर तरह-तरह के व्यंजन खाए-खिलाए जाते हैं। लेकिन डाइट को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है। जरा सी लापरवाही से आप बीमार भी हो सकती हैं। किन बातों का रखें ध्यान, जानिए।

## होली के उमंग में डाइट का रखें ध्यान

होली के मौके पर लोग खूब खाते-पीते हैं, खुशियां मनाते हैं। लेकिन इस दौरान खान-पान में होने वाली जरा-सी लापरवाही आपकी हेल्थ को बिगाड़ सकती है। ज्यादा मिर्च-मसाले और घी-तेल वाले व्यंजन खाने से एसिडिटी, फूड प्वॉइजनिंग, ब्लड शुगर और बीपी बढ़ने जैसी समस्याएं आमतौर पर देखी जाती हैं। इसलिए होली के अवसर पर यह बहुत जरूरी है कि खान-पान के मामले में आप पूरी सजगता बरतें और संतुलित आहार लें।

**तला-भुना और मीठा खाने से बचें:** होली के अवसर पर लोग गुझिया, पकौड़े, कचौरी, मिठाइयां और मैदे से बने व्यंजन खूब खाते हैं। इससे अपच, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसकी वजह से कई बार कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है। अधिक मीठे के सेवन से शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। इन समस्याओं से बचने के लिए ऐसी गरिष्ठ चीजों का सेवन संतुलित मात्रा में करें।

**देर तक खाली पेट न रहें:** त्योहार के दौरान काम की व्यस्तता की वजह से कई महिलाएं लंबे समय तक खाली पेट रहती हैं। इससे



उन्हें गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए कुछ घंटे के अंतराल पर नट्स, ड्राई फ्रूट्स और भुने चने जैसे हेल्दी स्नैक्स खा सकती हैं। भुने मखाने का सेवन भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए त्योहार के दौरान काम-काज के बीच जब भी हल्की भूख लगे, तो समय निकाल कर भुने मखाने का सेवन कर सकती हैं।

**पर्याप्त मात्रा में पीएं पानी:** होली के अवसर पर अधिकतर लोग तली-भुनी चीजें तो अधिक मात्रा में खाते हैं, पर उस अनुपात में पानी नहीं पीते हैं। इससे उनका शरीर डीहाइड्रेट हो जाता है। इस समस्या से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं। पानी के अलावा आप जूस, छाछ, लस्सी, नीबू पानी जैसे तरल पदार्थ का सेवन भी कर सकती हैं। फलों का जूस भी पी सकती हैं।



**तेल-घी दोबारा न करें यूज:** त्योहार के अवसर पर कुछ भी डीप फ्राई करना हो तो उसके लिए कड़ाही में उतना ही तेल या घी डालें, जिससे तलने के बाद वो खत्म हो जाए। एक बार फ्राई के लिए यूज किए गए तेल को बार-बार गर्म करके उसका यूज करने से उसमें कार्बन मोनोऑक्साइड नामक गैस बनती है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक होती है। इसलिए तेल या घी का दोबारा यूज न करें।

होली के दौरान खान-पान के मामले में अगर आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखेंगी तो आप और आपकी फैमिली को हेल्थ संबंधी कोई प्रॉब्लम नहीं होगी।

**प्रस्तुति: विनीता**

### इन बातों का रखें ध्यान

- त्योहार के दौरान बाजार में मिलावटी डिशेज भी मिलती हैं, जो सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होती हैं। बाजार से रेडीमेड डिशेज खरीदने के बजाए, घर पर ही बनाएं।
- एल्कोहल, भांग जैसी नशीली चीजों से दूर रहें। इनके बजाए, लस्सी, ठंडाई, कांजी पिएं। ये पाचन के लिए भी फायदेमंद होते हैं।
- कई बार लोग लापरवाही में रंग लगे हाथों से खाना शुरू कर देते हैं। इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा रहता है। ऐसी समस्या से बचने के लिए कुछ भी खाने से पहले अच्छी तरह हाथ धोना न भूलें।
- अगर आपने दिन में ज्यादा खा लिया है तो रात को सूप, सलाद और सैंडविच जैसी हल्की-फुल्की चीजों का ही सेवन करें।

भावनाएं

## पिया के संग पहली होली

शादी के बाद पिया के संग पहली होली का अहसास बहुत ही प्यारा होता है। अगर परिवार का भी साथ हो तो ये अहसास और ज्यादा प्यारे और मधुर हो जाते हैं। फिल्म एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और अंकिता लोखंडे **सहेली** को बता रही हैं, शादी के बाद उनकी पहली होली कैसी रही? साथ ही यह भी बता रही हैं कि इस बार उनकी होली पर क्या स्पेशल प्लानिंग है?

### विक्की ने जब मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था : अंकिता लोखंडे



**शादी से** पहले मैं जितनी सीरियस रहती थी, विक्की से शादी होने के बाद उतनी ही मस्तीखोर हो गई हूं। अगर मैं कहूं कि फिल्मी अदाओं के साथ मस्ती-मजाक करती हूं तो कहना गलत नहीं होगा। मेरे पति विक्की ने मुझे इतना प्यार और सम्मान दिया कि मैं अपने आपको राजकुमारी समझती हूं। शादी के बाद पहली होली मैंने अपने ससुराल बिलासपुर में मनाई थी। वहां बहुत ही रीति-रिवाज के साथ होली का पर्व मनाया जाता है। उस वक्त मेरे लिए यह सब बहुत ही नया था, लेकिन मेरी सासू मां और ससुराल वालों ने मुझे इतना प्यार दिया कि मेरे लिए वह होली यादगार हो गई। खासतौर पर विक्की ने मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था। शादी के बाद पहली होली मैंने विक्की के साथ फुल रोमांटिक स्टाइल में मनाई थी, यह होली मेरे लिए सबसे यादगार रही। क्योंकि विक्की भी मुझसे बहुत प्यार करते हैं, इसलिए होली पर उन्होंने मुझे रंग लगाने और मेरे नखरे उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आज भी हम लोग होली बहुत जोरदार ढंग से मनाते हैं। विक्की को पार्टी का बहुत शौक है। इसलिए वह हर होली पर स्पेशल पार्टी का अरेंजमेंट करते हैं, जिसमें हमारी फैमिली वाले और सारे दोस्त शामिल होते हैं। इस साल भी हम होली को धूमधाम से मनाएंगे। अबकी हम होली दो बार मनाएंगे, एक तो कलर्स के कुकिंग शो 'लाफ्टर शेफ' के सेट पर, दूसरी अपने घर पर।



### पूरे परिवार के साथ धूमधाम से मनाएंगे होली : कियारा आडवाणी



**होली का** त्योहार मेरे लिए किसी बड़े जश्न से कम नहीं है। फरवरी में हमारी शादी हुई थी। उसके अगले महीने ही मार्च में होली का त्योहार था, जो मैंने अपने ससुराल और पति के साथ मनाया था। होली की सुबह मैंने सबसे पहले सिद्धार्थ को रंग लगाया था, वह भी तब जब वह गहरी नींद में सो रहे थे। सिद्धार्थ ने उठने के बाद जब अपने चेहरे पर रंग लगा देखा तो उन्हें समझते देरी नहीं लगी कि यह रंग मैंने ही लगाया है। इसके बाद उन्होंने भी मुझे रंग दिया। उस दिन मैंने और सिद्धार्थ ने बहुत जमकर होली खेली थी। इस साल भी हम पूरे परिवार के साथ धूमधाम से होली मनाएंगे। मैं और सिद्धार्थ होली के मौके पर एक अच्छी पार्टी अरेंज करेंगे, जिसमें हमारे दोस्त और रिश्तेदार शामिल होंगे।



प्रस्तुति : आरती सक्सेना

**खबर संक्षेप**

### धर्मशाला एंड एजुकेशन सोसायटी के चुनाव 23 को

**टोहाना।** धर्मशाला एंड एजुकेशन चैरिटेबल सोसायटी के चुनाव 23 मार्च, रविवार को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित होंगे, जिसके लिए रुपरेखा तैयार कर दी गई है। इस संदर्भ में सोसायटी के सचिव सुरेश कुमार सिंगला ने बताया कि इसको लेकर बैठक प्रधान जगन्नाथ गोयल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने बताया कि पिछला कार्यकाल पूरा होने के बाद अब 23 मार्च 2025 को नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए प्रधान, उपप्रधान, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर नामांकन पत्र 12 मार्च एवं 13 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थित कार्यालय में दाखिल किए।

### बनभौरी धाम के लिए दूसरी पैदल ध्वजा यात्रा रवाना

**रतिया।** मां बनभौरी देवी शक्तिपीठ के लिए जय मां भ्रामरी देवी लंगर कमेटी रतिया द्वारा बनभौरी धाम के लिए दूसरी पैदल ध्वजा यात्रा का जत्था प्रधान गुलाब शर्मा की अगुवाई में पुरानी गौशाला रतिया से रवाना हुआ। जय मां भ्रामरी देवी लंगर कमेटी ट्रस्ट के प्रधान गुलाब शर्मा ने बताया कि जय मां भ्रामरी महादेवी लंगर कमेटी द्वारा बनभौरी धाम के लिए दूसरी पैदल ध्वजा यात्रा पुरानी गौशाला से माता रानी के जयकारों के साथ रवाना हुई। वह साल में दो बार हर नवरात्रों पर उनकी कमेटी द्वारा मां बनभौरी शक्तिपीठ में लंगर लगाया जाता है जो दिन रात 24 घंटे चलता है। उन्होंने बताया कि बरवाला से 7 किलोमीटर दूर बनभौरी धाम की सडक़ पर 8 वर्षों से साल में दो बार नवरात्रों में लगाया जा रहा है।

### पौधरोपण कर दी सावित्री बाई फूले को श्रद्धांजलि

**सिरसा।** बाबा सरसाई नाथ सेवा ट्रस्ट ने हिंदुस्तान की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर शहर के अग्रसेन पार्क में दर्जनों फूल, फल व छायादार पौधे रोपित कर श्रद्धांजलि दी। संस्था के प्रधान रविंद्र सैनी ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले ने अपने पति महात्मा जोतिबा फुले के साथ मिलकर 1848 में लड़कियों के लिए भारतवर्ष के पहले एकमात्र महिला विद्यालय की स्थापना की। छुआछूत, अस्पृश्यता के कारण सामाजिक रूप से पिछड़े, वंचित महिलाओं का जीवन स्तर ऊपर उठाने के उद्देश्य से शिक्षा की अलख जगाई।

### गुरभेज को ऊर्जा-2025 अवार्ड से सम्मानित किया

**सिरसा।** चंडीगढ़ में में ज्योतिष प्रांगण संस्था द्वारा ज्योतिषाचार्य गुरभेज सिंह ढिल्लो को एप्रिसिएशन अवार्ड ऊर्जा-2025 अवार्ड से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि सिरसा निवासी गुरभेज सिंह ढिल्लों को इससे पूर्व भी ज्योतिष क्षेत्र में अनेक प्रतिष्ठित अवार्ड भी मिल चुके हैं। वहीं भगत धन्नाजी ट्रस्ट के पदाधिकारियों जिसमें संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा, प्रधान अमरीक सिंह राही, महासचिव महेंद्र घणघस, रवि शर्मा, डॉ. रामकिशन खोथ, राजेश चिंडालिया, इंद्रपाल कसवां, आदि ने प्रसन्नता जाहिर की।

### नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला काबू

**सिरसा।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम में नौकरी दिलवाने के नाम पर 65 हजार रुपए की ठगी करने के मामले का आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यवान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सतीश कुमार उर्फ लवली पुत्र प्रेम दास निवासी गांव अहमदपुर जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि राहुल कुमार निवासी गांव धमोरा थेड़ी तहसील रानियां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब दो माह पहले उसके पास अज्ञात नंबरों से फोन आया और फोन करने वाला व्यक्ति कहने लगा कि मैं बिजली निगम में जेई के पद पर कार्यरत हूं तथा निगम में उसकी बड़े अफसरों के साथ अच्छी पहचान है।

---

सुबह 5 बजे से ही भक्तों की लम्बी कतारें लगनी शुरू हो गई

# फाल्गुन एकादशी पर उमड़ा बाबा श्रीश्याम के भक्तों का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

**भक्तों ने परिवार संग धोक लगा मांगी मन्नत**



हिसार। भजनों पर झूमते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

फाल्गुन मेले मे सोमवार को एकादशी पर सेक्टर 16-17 के श्री श्याम मंदिर सेक्टर में बाबा दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 5 बजे से ही भक्तों की लम्बी कतारें लगनी शुरू हो गई। शीश के दानी की जय, श्याम प्यारे की जय, हारे के सहारे की जय, श्याम हमारे की जय के गगनचुंबी जयकारों के साथ पूरा माहौल श्याममयी हो गया। सुबह बाबा का भव्य अलौकिक सिंगार किया गया। सायं आयोजित भजन संध्या में जयपुर से आए पुरुषोत्तम बृजवासी एवं चंडीगढ़ से आए भजन गायक बिन्नी ने भजन वो सब जानता है, मै तो झोली पसारे खड़ा जरा देखो इधर सांवरा, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आना है आदि भजन अमृत से समां बांध दिया। श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। विधायक सावित्री जिंदल ने भी दीप प्रज्जवित कर बाबा का आशीर्वाद लिया। सुबह श्रृंगार आरती से पूर्व श्याम भक्तों द्वारा श्री श्याम प्रभु के चरणो में सवा दो किलो चांदी का हार अर्पित किया गया। देर रात्रि तक बड़ी संख्या मे भक्तों ने परिवार संग आकर बाबा की धोक लगाई एवं मन्नत मांगी। पूरे दिन शहर के विभिन्न स्थानो एवं आसपास के गांव से ध्वज यात्राएं लेकर भक्तजन नाचते-गाते रंग गुलाल खेलते मंदिर प्रांगण में पहुंचे।

---

# जनवादी नौजवान सभा के युवा सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर



- डीवाईएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद एए रहीम होंगे मुख्य वक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत की जनवादी नौजवान सभा का 16वां राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन 22 व 23 मार्च को जाट धर्मशाला में होगा। सम्मेलन के पहले दिन खुले अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा जिसमें राज्यभर से अनेक प्रतिनिधियों सहित सैंकड़ों डीवाईएफआई के युवा कार्यकर्ता व आमजन अपनी हिस्सेदारी करेंगे। खुले अधिवेशन को संबोधित करने के लिए आल इंडिया डीवाईएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद ए.ए. रहीम व डीवाईएफआई के राष्ट्रीय महासचिव हिमाघ्नराज भट्टाचार्य व सीटू के हरियाणा राज्य सचिव जयभगवान मुख्य वक्ता रहेंगे। डीवाईएफआई हरियाणा राज्य के उपप्रधान मुकेश दुर्जनपुर ने सोमवार को बताया कि डीवाईएफआई का राज्य सम्मेलन उसके संविधान व कार्यक्रम के अनुसार हर तीन वर्ष बाद किया जाता है, जिसमें तीन साल के दौरान किए हुए कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है और तीन साल में हुए राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक बदलाव की ठोस समीक्षा करते हुए भविष्य की रणनीति तैयार की जाती है। इसकी तैयारियों के लिए हिसार जिला सचिव जितेन्द्र बूरा, जिलाध्यक्ष पकंज बगला, निखिल, सुखदेव, अशोक बूरा, सागर, औमप्रकाश मलापुर, प्रदीप बैनीवाल, सूरज, सलोनी, सजंय तिसावर, मुकेश बगला, भूपेश सोनी आदि कई दिनों से प्रचार में लगे हुए हैं।

---



हिसार। श्री श्याम बाबा के जागरण में मौजूद मुख्य अतिथि सुरेश पूनिया व ट्रस्ट के पदाधिकारी।

### श्री श्याम बाबा का वार्षिक विशाल जागरण आयोजित

**हिसार।** मानव दिव्यांग परिषद ट्रस्ट का वार्षिक श्री श्याम बाबा का जागरण ट्रस्ट के सातरोड़ स्थित आश्रम में पूरे श्रद्धाभाव व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। ट्रस्ट के जिला प्रधान सन्नी सातरोड़ ने बताया कि इस बार बाबा के जागरण में विभिन्न सुंदर-सुंदर झांकी लगाई गई। ट्रस्ट संचालक उदय भगाना ने बताया कि इस बार श्री श्याम बाबा के जागरण में कैंट मार्केट के प्रधान सुरेश पूनिया उपस्थित हुए जिन्होंने मानव दिव्यांग परिषद ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उदय भगाना, सन्नी सातरोड़ के अलावा मनदीप भगाना, संजय जुगलान, रोहित, सुलतान, रामधानी आदि मौजूद रहे।

---

# सावित्रीबाई फुले ने आजीवन संघर्ष किया : रेखा तंवर

## सावित्री बाई सोशल वेलफेयर सोसायटी ने मनाई सावित्री बाई फूले की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। सावित्री बाई फूले की पुण्यतिथि मनाते सावित्री बाई सोशल वेलफेयर सोसायटी पदाधिकारी व सदस्य।

सावित्री बाई सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा राजीव नगर में अपना सारा जीवन महिलाओं को शिक्षित करने, भारत में व्याप्त छूआछात जैसी कुरीतियों के विरुद्ध आजीवन संघर्ष करने वाली भारत वर्ष की प्रथम महिला अध्यापिका ज्ञान की ज्योति माता सावित्री बाई फूले की 128वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जन को संबोधित करते हुए समाजसेविका रेखा तंवर ने कहा कि महाराष्ट्र में जन्मी माता सावित्री बाई फूले का विवाह महान समाज सुधारक सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले जी से 1840 में हुआ।

इसके बाद 1841 में इन्होंने शिक्षा शुरू की एक जनवरी 1849 लड़कियों के लिए देश का पहला स्कूल पुणे के भिलेवाला में खोला और उनको शिक्षित करने के लिए समाज में संघर्ष किया। लोगों द्वारा उन पर किए गए अत्याचारों की परवाह न करते हुए महिलाओं को शिक्षित किया।

उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों के लिए आवाज उठाई और महिलाओं को उनका हक दिलवाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश सैनी, रमेश सैनी प्रधान, घीसाराम जमालपुरिया, नरोत्तम गोरीवान, ईश्वर सैनी नाटा, सौरभ पंवार, रवि सैनी जमालपुरिया, रॉबिन चौहान, सोनू जमालपुरिया, कुमारी अक्षिता, कुमारी वंशिका, कुमारी जीनू, यश सैनी, हिमांशु सैनी, दीपक कटारिया, रजनीश रूद्रा, दीनू सैनी, तुषार मोटा, प्रधान अनिल बालाण, मनोज, विपुल किरोड़ीवाल, प्रणव सैनी, रमेश किरोड़ीवाल व समाज के अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

---

# होली मिलन एवं परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। होली मिलन एवं परिवार मिलन कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

समृद्ध भारत परिषद की ओर से होली मिलन एवं परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अनेक संस्था के सदस्य व पदाधिकारी शामिल हुए। संस्था के प्रधान विकास लाहोरिया ने सोमवार को बताया कि होली मिलन कार्यक्रम करने से आपस में भाईचारा बढ़ता है तथा खुशी का संचार होता है। ऐसे पर्व मनाने से आपसी विचारों का आदान-प्रदान होता है। संस्था के सचिव डॉ. अजीत कुमार व कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने बताया कि होली मिलन कार्यक्रम में 20 विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए गोद लिया गया। कार्यक्रम में प्रकल्प प्रमुख डॉ. राकेश शर्मा, राजेश गुप्ता, तिलक मेहता आदि मौजूद रहे।

---

# शिवालय मंदिर में होली मिलन समारोह 14 को

- होली के पावन पर्व पर खेली जाएगी फूलों की होली : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। बैठक को संबोधित करते श्री प्रयागगिरी शिवालय मंदिर व पीजीएसडी स्कूल के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

श्री प्रयागगिरी शिवालय मन्दिर कमेटी द्वारा भव्य होली मिलन समारोह की तैयारियों बाबत मीटिंग शिवालय मन्दिर व स्कूल के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 14 मार्च को शाम शिवालय मन्दिर पड़ाव में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। होली के पावन पर्व पर फूलों की होली व भव्य भजन समारोह का आयोजन होगा। गर्ग ने कहा कि श्री प्रयागगिरी शिवालय मन्दिर बहुत पुराना मन्दिर है जिसकी बड़ी भारी मान्यता है। गर्ग ने कहा कि शिवालय मन्दिर व स्कूल की संस्था द्वारा तीन समय फ्री भोजन की सेवा और मन्दिर में डिस्पेंसरी कई सालों से बनाई हुई है। शिवालय मन्दिर के साथ जनता की आस्था जुडी हुई है। यहां तक की पीजीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पांच संस्थाएं हमेशा पढ़ाई में मैरिट पर आती है।

---

# होली खेल रहे बांके बिहारी भजन पर झूमे श्रद्धालु

## तिरुपति धाम में फूलों की होली खेलकर मनाया होली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। श्री तिरुपति बालाजी धाम में आयोजित होली महोत्सव में हिस्सा लेते श्रद्धालु।

श्री तिरुपति बालाजी धाम में होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बिना पानी की फूलों की होली खेली और भक्तों को इत्र की वर्षा में सराबोर होने का भी मौका मिला।

इस दौरान कई प्रसिद्ध भजन गायकों व उनकी मंडली ने श्री तिरुपति बालाजी, माता पद्मावती व माता गोदांबा सहित विभिन्न देवी-देवताओं का गुणगान किया। होली के भजन सुनकर भक्तगण भावविभोर होकर झूमने लगे। भजन मंडली ने होली खेल रहे बांके बिहारी, आज रंग बरस रहा और झूम रही दुनिया सारी, आज नहीं मन में कोई मलाल, बरसाने में बरसा खूब गुलाल एवं बरसाने में आज धूम मची होली की, धूम मची होली की सहित कई भजन गाकर समां बांध दिया। होली महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और गायकों ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को अभिभूत कर दिया। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे पर फूल बरसाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। इस महोत्सव के लिए धाम में कई तरह के फूलों का विशेष प्रबंध किया गया। महोत्सव के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने सात्विक भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

---

# दुकान से मोबाइल चोरी में आरोपी गिरफ्तार, 31 मोबाइल बरामद

## 30-31 जनवरी की रात को हुई थी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी आदमपुर



पुलिस ने अनाज मंडी स्थित दुकान से मोबाइल फोन चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सदलपुर निवासी मुकेश है, जिससे पुलिस ने चोरीशुदा 31 मोबाइल फोन बरामद किए है। पकड़े गए आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। जांच अधिकारी एएसआई दलबीर सिंह ने बताया कि इस संबंधा में मंडी आदमपुर निवासी आशीष गुप्ता ने अनाज मंडी स्थित उसकी दुकान से मोबाइल फोन चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि अनाज मंडी में उसकी दुकान है जिसमें वह बारदाना का काम करता है। उसने ऑनलाइन मोबाइल मंगवाकर दुकान में रखे थे। किसी अज्ञात ने 30-31 जनवरी की रात को दुकान का ताला तोड़ 36 मोबाइल फोन चुरा लिए। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए एक आरोपी मुकेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 31 मोबाइल फोन बरामद किए है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दुकान से फोन चुराए थे।

---

# जिला जेल में लगे शिविर में 113 कैदियों की हुई जांच

**सिरसा।** जिला जेल में रविवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कैंप में कुल 113 कैदियों की जांच की गई व 47 को निशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। साथ ही, आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त वितरित की गईं। कैंप के दौरान डॉ. दीपिका नेत्र एंड ग्लूकोमा केयर सेंटर से डॉ. दीपिका बंसल की टीम राजकुमार, साहिल सोनी, सुमन, निर्मल सिंह, दीपक सोनी ने नेत्र जांच करते हुए आंखों की देखभाल संबंधी जानकारी प्रदान की। जेल अधीक्षक जसवंत सिंह ने बताया कि जिला जेल में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें करीब 113 कैदियों के आंखों की जांच की गई है। शिविर के दौरान दवाइयां और 47 कैदियों को चश्में भी निःशुल्क प्रदान किए गए हैं। जिला जेल में समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। नेत्र जांच शिविर के दौरान उप अधीक्षक मोहन सिंह व वरूण गोदारा, रोशनलाल, देवीलाल सावक बिश्नोई, काउंसलर चंद्रपाल झोरड़, बिंदरपाल आदि मौजूद रहे।

---

## गीता भवन में ब्रह्म ज्ञान सत्संग का आयोजन

# किताबी ज्ञान के साथ अनुभव भी जरूरी : गंगेनंदन महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार






हिसार। गीता भवन में प्रवचन देते हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज व उपस्थित श्रद्धालु।

आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा एवं समस्त हरि शरणम् परिवार के तत्वाधान में रामपुरा मोहल्ला स्थित गीता भवन मंदिर में ब्रह्म ज्ञान सत्संग का आयोजन किया गया। कथा व्यास हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए। सत्संग के दौरान प्रवचन करते हुए परमहंस गगनदेन महाराज ने कहा कि आज विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है लेकिन मनुष्य की चेतना नीचे ही चली जा रही है। मनुष्य के पास शांति नहीं है। पति-पत्नी में रोजाना अनेक बातों को लेकर झगड़े हो रहे हैं, परिवारों में खटास पैदा हो रही है लेकिन कोई अपनी गलती मानने को तैयार नहीं है। कोई भी मनुष्य दुखी नहीं होना चाहता किंतु अशांति मनुष्य का पीछा नहीं छोड़ रही। उन्होंने कहा कि हम सभी के पास किताबी ज्ञान है, शास्त्रों का हमने केवल रटा मार लिया है लेकिन अपने जीवन में धारण नहीं किया। आज के दौर में गुरु किताबी ज्ञान तो दे रहे हैं किंतु अपना अनुभव किसी को नहीं दे रहे। ऐसे में यह समझना चाहिए।

खबर संक्षेप



बरवाला। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते परिषद कार्यकारिणी।

## भाविप गायत्री शाखा बरवाला के अध्यक्ष बने पवन शर्मा

**बरवाला।** भारत विकास परिषद गायत्री शाखा बरवाला की बैठक ब्राह्मण धर्मशाला के प्रांगण में हुई जिसमें वर्ष 2025-26 के वार्षिक चुनाव चुनावी पर्यवेक्षक प्रांतीय अध्यक्ष हरियाणा पश्चिमी प्रांत कमलेश गर्ग की अध्यक्षता में हुआ जिसमें परिषद के सभी सदस्यों ने एकमत व सर्वसम्मति से अध्यक्ष पवन शर्मा और सचिव राजेंद्र कुमार भट्ट तथा वित सचिव मनीष कुमार गोयल को चुना गया। जिला समन्वयक रामनिवास वर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों व सभी सदस्यों का स्वागत किया। शाखा अध्यक्ष शिव कुमार कौशिक ने गत वर्ष किए गए कार्यों और आय व्यय का ब्योरा दिया। मंच संचालन शाखा सचिव जिले सिंह ने किया। इस अवसर पर जगदीश धमीजा ,टेकचंद मुद्गल, दिनेश शर्मा, जसवंत सिंह, सुरेंद्र गोयल, सुरेश शर्मा, सुनील अत्री, गौरी शंकर, रिंकू गर्ग, पवन सैनी, साधुराम गर्ग, वीरेंद्र शर्मा, अनिल कौशिक, सतीश वर्मा व रमेश सिंगला समेत लगभग सभी सदस्यगण मौजूद रहे।




मंडी आदमपुर। आहार मेले का भ्रमण करने पहुंचे राजकीय बहुतनीकी संस्थान आदमपुर के विद्यार्थी।

## आहार मेले का भ्रमण कर जुटाई जानकारी

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर राजकीय बहुतनीकी संस्थान में खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित आहार मेले में दौरा किया। इस दौरान सुनील धीमान, नीरु रानी सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों के साथ मेले का दौरा किया। इस भ्रमण का उद्देश्य खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के छात्रों को नवीनतम खाद्य उत्पादों, उन्नत तकनीकों और उद्योग के विकास से अवगत कराना था। आहार मेला खाद्य और पेय उद्योग से संबंधित सबसे बड़े मंचों में से एक है। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों, उनके उत्पादों और नवाचारों से परिचित करवाया गया। संस्थान प्रधानाचार्य डा. कुलवीर सिंह अहलावत ने विद्यार्थियों को इस अनुभव का महत्व बताया।

## विधायक की चाची के निधन पर शोक व्यक्त

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर से कांग्रेसी विधायक चंद्रप्रकाश की चाची तथा पूर्व सांसद स्वर्गीय रामजीलाल की धर्मपत्नी जाना देवी के निधन पर आदमपुर के कांग्रेसी नेता कुलबीर बैनीवाल, कालू शर्मा, प्रदीप बैनीवाल, भूपेंद्र कासनियां, राजकुमार जांगड़ा, कृष्ण छिपा हंसराज जाजूदा ने शोक व्यकत करते हुए शोक संतपत परिवार के प्रति अपनी सवेदना व्यक्त की है।

# शीला देवी बनीं हांसी खंड प्रथम पंचायत समिति की चेयरपर्सन, मतदान में आए सभी 28 सदस्य

## अढ़ाई वर्ष में दूसरी बार हुआ चुनाव, नए चेयरपर्सन ने विधायक विनोद भयाना को दिया श्रेय

चुनाव प्रक्रिया के दौरान केवल एक ही नामांकन दाखिल किया गया, जिसके बाद शीला को विजेता घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी

पंचायत समिति हांसी खंड प्रथम की चेयरपर्सन पद का सोमवार को बीडीपीओ कार्यालय में चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में पंचायत समिति के सभी 28 सदस्य उपस्थित रहे, चुनाव प्रक्रिया की अध्यक्षता हिसार डीडीपीओ नरेंद्र कुमार व बीडीपीओ अशोक मेहरा ने की। बैठक के दौरान केवल एक ही नामांकन प्राप्त हुआ, जिसके चलते सर्वसम्मति से पंचायत समिति हांसी-प्रथम की वार्ड नंबर 18 की शीला देवी को नया चेयरपर्सन घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान केवल एक ही नामांकन दाखिल किया गया, जिसके बाद समय सीमा समाप्त होने पर अधिकारियों ने शीला देवी को निर्विरोध विजेता घोषित किया। हालांकि प्रशासन द्वारा चुनाव के लिए ईवीएम मशीन मंगवाई गई थी, लेकिन केवल एक ही नामांकन पत्र दाखिल किए जाने पर मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी। जैसे ही शीला देवी को चेयरपर्सन घोषित किया गया, उनके समर्थकों और समिति के अन्य सदस्यों ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ खुशी जाहिर की। इसके बाद उन्हें उनके कार्यालय में विधिवत कुर्सी पर बैठाकर शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन राजपाल यादव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से विकास कार्य ने होने के चलते ब्लॉक समिति के चेयरमैन के खिलाफ सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। अब सभी सदस्यों ने विधायक विनोद भयाना ने में अपनी आस्था जताई और सर्वसम्मति से शीला यादव को ब्लाक समिति का चेयरमैन चुना गया। इस दौरान पूर्व जिला पार्षद कुलदीप उर्फ लाला यादव, विधायक के विशेष राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी आदि मौजूद रहे।



हांसी। चेयरपर्सन निर्वाचित होने पर शीला यादव का बुकें भेंट कर स्वागत करते समिति सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### नीलम के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के बाद हुआ चुनाव

गौरतलब है कि हांसी पंचायत समिति खंड प्रथम के 25 सदस्यों ने 26 दिसंबर को एडीसी हिसार को ज्ञापन सौंपते हुए तत्कालीन चेयरपर्सन नीलम देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। उन पर आरोप था कि करीब दो वर्षों के कार्यकाल में ब्लॉक में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ। इसके बाद 9 जनवरी को बीडीपीओ कार्यालय में मतदान हुआ, जिसमें 28 में से 25 सदस्यों ने नीलम देवी के खिलाफ वोट देकर उन्हें पदमुक्त कर दिया था। जिसके बाद लगभग अब करीब एक महीने बाद, 10 मार्च को नई चेयरपर्सन का चुनाव कराया गया, जिसमें सर्वसम्मति से शीला देवी को यह पद सौंपा गया।

### पुलिस के पहरे में हुई मीटिंग

पंचायत समिति द्वारा खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में कई मीटिंग का आयोजन किया जा चुका है। अभी तक की सभी मीटिंग पुलिस के पहरे में हुई है। अधिकांश मीटिंग हंगामें की भेट चढ़ी है। हर मीटिंग के बाद बीडीसी मेंबरों ने चेयरमैन पर भ्रष्टाचार व ग्रांट राशि का समान रूप से बंटवारे न करने के आरोप लगाए थे। मीटिंग सिरे न चढ़ पाने के कारण अभी तक ग्रांट की राशि का प्रयोग नहीं किया जा सका है। जिसके चलते अभी भी करोड़ों रुपये बकाया है। वहीं अब ऐसे में सोमवार को हुई मीटिंग में भी पुलिस की मौजूदगी में चेयरपर्सन का चुनाव कराया गया।

### विधायक विनोद भयाना को दिया श्रेय

पूर्व चेयरमैन राजपाल यादव ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव राजनीति से प्रेरित नहीं था, बल्कि पूर्व चेयरपर्सन की कार्यशैली को देखते हुए उठाया गया कदम था। उन्होंने कहा, पूर्व चेयरपर्सन समिति के अन्य सदस्यों को साथ लेकर नहीं चल रही थीं, जिससे विकास कार्य बाधित हो रहे थे। विधायक विनोद भयाना के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर यह निर्णय लिया कि हमें एक ऐसे चेयरपर्सन की जरूरत है जो विकास कार्यों को गति दे सके।

### अढ़ाई वर्ष में दूसरी बार हुआ चुनाव

*चेयरपर्सन के लिए यह चुनाव ढाई वर्ष में दूसरी बार हुआ। पहले चुनाव में 26 दिसंबर 2022 को नीलम महला चेयरपर्सन निर्वाचित हुई थी। चुनाव में उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी शीला देवी को 7 वोटों के अंतर से पराजित किया था। वहीं बीते महीने समिति के वाइस चेयरमैन कुलदीप ने भी अपना इस्तीफा सौंपा था। इस दौरान समिति के 29 सदस्य हैं।*

### सभी सदस्यों को साथ लेकर चलेंगे: शीला

*नवनियुक्त चेयरपर्सन शीला देवी ने बताया कि वह सबसे पहले विधायक विनोद भयाना और सभी सदस्यों का धन्यवाद करती हैं और वह अब से सभी सदस्यों को साथ लेकर चलेगी और विकास के कार्यों को प्राथमिकता देगी। ऐसे में उनका लक्ष्य समाज में ऐसा बदलाव लाना है, जिससे उनका नाम अलग पहचान बनाई जा सके।*

### सर्वसम्मति से चेयरपर्सन का चुनाव

*डीडीपीओ नरेंद्र कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार बैठक बुलाई गई थी, जिसमें 28 सदस्य उपस्थित रहे। निर्धारित कोरम पूरा होने के बाद आगे की कार्यवाही शुरू हुई, और एकमात्र नामांकन होने के कारण शीला देवी को सर्वसम्मति से चेयरपर्सन घोषित किया गया।*

# लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में शिविर, बच्चों की आंखें जांची

- शिविर में कुल 700 लोगों ने भाग लिया, जांच करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में भारत हॉस्पिटल द्वारा दो दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्रों की नेत्र जांच की गई। साथ ही शिविर में विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, ड्राइवरों ने भी भाग लिया। भारत हॉस्पिटल की टीम ने सभी की नेत्र जांच की और उन्हें उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस मौके पर डॉ. सुल्तान, ओपीडी अटेंडेंट मंजू रानी, राजेश नागर और महेंद्र सिंह ने अपनी सेवाएं दी। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. सरिता शर्मा ने कहा कि शिविर के लिए भारत हॉस्पिटल का आभार जताया। शिविर में कुल 700 लोगों ने भाग लिया और उन सभी को नेत्र जांच और नेत्र स्वास्थ्य के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



हिसार। नेत्र जांच करते चिकित्सक।



हांसी। आपस रंग गुलाल लगाकर होली पर्व मनाती महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

## स्टार क्लब परिवार के सदस्यों ने रंग व गुलाल के साथ खेली होली

**हांसी।** स्टार क्लब परिवार की ओर से सोमवार को होली पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व सोनल सिंगला व अंजू जैन ने किया। कार्यक्रम में स्टार क्लब परिवार की सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक दूसरे पर रंग गुलाल उड़ाते हुए खूब मस्ती व नृत्य किया। इस अवसर मौजूद बच्चों ने भी पिचकारी और गुलाल के साथ बहुत मस्ती की। स्टार क्लब के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# होली मिलन समारोह मनाया

- छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने रंगों व उल्लास भरा त्योहार कॉलेज प्रांगण में धूमधाम से मनाया। विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी व उसके बाद रंगों से जमकर होली खेली जिससे सभी विद्यार्थियों का चेहरा लाल गुलाबी नजर आया। मंच संचालन विकास व सुधीर ने किया। विद्यार्थियों ने प्राचार्य को भेटस्वरूप एक पौधा दिया। प्राचार्या डॉ उर्मिला मलिक ने विद्यार्थियों को होली का महत्व बताते हुए कहा कि होली प्रेम, भाईचारे व वैचारिक संबंध बनाए रखने का प्रतीक है। इस त्यौहार पर हमें अपने अंदर के रावण जैसे ईर्ष्या ,द्वेष को दिलोंदिमाग से बाहर निकाल एकजुटता बनानी चाहिए। प्राकृतिक रंगों से होली खेलने, पानी की बर्बादी रोकने व नशा न करने के लिए प्रेरित किया।



हिसार। होली मिलन समारोह में उपस्थित प्राचार्या डॉ. उर्मिता मलिक व विद्यार्थी।

# कार्टून कला समाज का आईना: मनोज छाबड़ा

- दो दिवसीय कार्टून एवं रेजीन आर्ट कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

सुरभि आर्ट गैलरी एवं इंस्टीटयूट में दो दिवसीय कार्टून एवं रेजीन आर्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हिसार के प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट एवं साहित्यकार डॉ. मनोज छाबड़ा ने हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से आए हुए 45 प्रतिभागियों को प्रसिद्ध नेताओं के कैरीकेचर, कार्टून बनाना सिखाया एवं सरल विधियों द्वारा अनेक प्रकार के अन्य हास्यास्पद कार्टून बनाने सिखाए और बताया कि कार्टून कला समाज का वह आइना है जो समय-समय पर सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने के साथ-साथ जन मानस को जागरूक करता है। कार्यशाला के दूसरे दिन प्रसिद्ध रेजीन आर्टिस्ट कुमारी तनु अग्रवाल एवं डॉ. गीता जांगड़ा ने प्रतिभागियों को रेजीन के माध्यम से अनेक प्रकार की आकर्षक वस्तुएं बनाना सिखाया। फोटो फ्रेम दीवार घड़ी गायत्री मंत्र, गणेश मंत्र, वरमाला संयोजन, समुद्र लहरों के दृश्य आदि निर्मित करने सिखाए।



हिसार। रेजीन के माध्यम से अनेक प्रकार की आकर्षक वस्तुएं बनाना सीखते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### कलाकृतियां बनानी सीखी

संस्थान की संचालिका कुमारी सुरभि ने बताया कि इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने अत्यंत आकर्षक कलाकृतियां निर्मित करना सीखा है जिनके माध्यम से वह अपने घर एवं आसपास के वातावरण को सुंदर बनाने के साथ-साथ, विद्यार्थी इस कला को जीवन में अपनाकर रोजगार भी पा सकते हैं। समापन समारोह के अवसर पर प्रसिद्ध चित्रकार डॉक्टर राजेश जांगड़ा ने सभी प्रतिभागी कलाकारों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण को पौधरोपण जरूरी : डॉ. खीचड़

- हकृवि द्वारा गांव देवा में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव देवा में सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के समापन अवसर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने स्वयंसेवकों से समाज एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। इसलिए इस क्षेत्र में स्वयंसेवकों को और अधिक काम करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों में सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करना, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वच्छता शामिल हैं। गांव की सरपंच सुमन देवी ने अपने अनुभवों को व्यक्त करते हुए स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया और उनको जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।



हिसार। विजेताओं बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डॉ. मदन खीचड़।

### प्रतियोगता करवाई

स्कूल की प्रधानाचार्य कृष्णा देवी ने शिविर के दौरान अपना संपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रीना ने बताया कि विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। स्वयंसेवकों को विशिष्ट श्रेणियों में पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नैनो डीएपी से बढ़ाएं पैदावार : दलाल

- सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, किसानों को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौंद

सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआरसीएस हांसी सत्यवान दलाल थे। कार्यक्रम के अन्य अतिथि अमरीक सिंह आरजीबी सदस्य इफको थे। पारस इफको श्रेत्र अधिकारी द्वारा नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। दलाल बताया कि नैनो डीएपी किसान प्रयोग करके अपनी फसलों में उत्पादन बढ़ा सकते हैं और यह सरल भी है। किसान ज्यादा से ज्यादा नैनो का प्रयोग करें कार्यक्रम के अन्त में पारस द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में लगभग 60 समिति कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमरीक सिंह का मुख्य योगदान रहा।



नारनौंद। कृषि अधिकारी किसानों को जागरुक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## जिंदल स्टेनलेस ने जारी की प्रकृति से संबंधित वित्तीय प्रकटीकरण कार्य बल रिपोर्ट

**हिसार।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के मुख्य वहनीयता अधिकारी कल्याण भट्टाचार्य ने बताया कि जिंदल स्टेनलेस ने नेचर-रिलेटिड फाइनेंशियल डिस्क्लोज़र (टीएनएफडी) टास्क फोर्स रिपोर्ट जारी की, जो कंपनी के वहनीयता के दृष्टिकोण के तहत उपलब्धि है। यह रिपोर्ट कारोबार में प्रकृति से संबंधित पहलुओं का खास ध्यान रखने के कंपनी के रणनीतिक दृष्टिकोण को रेखांकित करती है। साथ ही यह विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाए रखते हुए जलवायु परिवर्तन से जुड़ी वैश्विक चुनौती से निपटने और वहनीयता, जैव विविधता के संरक्षण व जोखिम से सक्रिय रूप से निपटने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



कल्याण भट्टाचार्य।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

## स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**मंडी आदमपुर।** गुरु द्रोणाचार्य इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई पंचकूला द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच विश्वास व संचार में सुधार करना था। इस अवसर पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर की प्राचार्या मोनिका कश्यप तथा आर्यन इंटरनेशनल स्कूल कैथल की प्राचार्या सपना सिंह प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सदस्यों, स्कूल की प्राचार्या डा. अमिता ग्रेवाल तथा प्रशिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यशाला में आदर्श कक्षा प्रबंधन सिखाया गया।

## हकृवि में इंडो-पोलिश अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण का आयोजन

# हकृवि व पोलैंड के बीच शोध से खुलेंगे नए रास्ते

- वैज्ञानिकों और शोधार्थियों ने सतत कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय इंडो-पोलिश अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों ने सतत कृषि पद्धतियां, मृदा स्वास्थ्य और जीवाणु प्रौद्योगिकी सहित कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय सेल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। यह प्रशिक्षण मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, पाठ्यक्रम निदेशक एवं स्नातकोत्तर अधिष्ठाता, डॉ. केडी शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. अनुज राणा व डॉ. अनुराग द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में वारसॉ विश्वविद्यालय, पोलैंड के पांच स्नातकोत्तर विद्यार्थी एवं तीन तकनीकी सदस्यों ने भाग लिया। स्नातकोत्तर विद्यार्थियों में सिज़मन रजुकोव्स्की, जूलिया रिड्ज़, इंगा सुचोडोलस्का, अन्ना बर्नाओविच, व पैट्रीक्जा पुस्ज़को तथा टेक्नीकल स्टाफ में मार्ता लास्ज्जका, बार्टलोमीज स्टार्जिन्स्की तथा इरीना टोवचको शामिल रहे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा भी उपस्थित रही।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ पोलैंड प्रतिनिधियों की टीम व अन्य।

### व्यावसायिक दृष्टि से लाभकारी रहेगा प्रशिक्षण

प्रो. काम्बोज ने सोमवार को अपने संबोधन में कहा कि पोलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ वारसॉ व हकृवि के बीच संबंधों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे शोध के नए अवसर खुलेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल अकादमिक और व्यावसायिक दृष्टि से लाभकारी रहेगा बल्कि दोनों संस्थाओं के बीच शोध और नवाचार के नए रास्ते भी खुलेंगे।